जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

15 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

ऑप्टम द्वारा 18 लाख प्रति वर्ष पैकेज पर जामिया के बारह छात्रों का चयन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया का यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल इस बात की घोषणा करते हुए रोमांचित है कि ऑप्टम द्वारा जामिया के बी.टेक (सीएस/ईई/ईसीई) और एमसीए से बारह प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया गया है । सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एसोसिएट्स के रूप में शामिल होने वाले इन छात्रों ने अपने असाधारण कौशल एवं समर्पण का प्रदर्शन करते हुए 18 लाख प्रति वर्ष का शानदार पैकेज प्राप्त किया है ।

यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल, जामिया मिल्लिया इस्लामिया अपने छात्रों को अच्छे प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने का निरंतर प्रयास करता है, जिससे उन्हें अपने कैरियर में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। मानद निदेशक प्रो. रहेला फारूकी ने छात्रों को उनकी शानदार सफलता पर बधाई दी।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व है और छात्रों के सफल और संतुष्टिदायक कैरियर के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता है।

मानद निदेशक प्रो. रहेला फारूकी ने अपनी टीम के सदस्यों, उप. निदेशक प्रो सबा खान, प्रो रेहान खान सूरी, सबा कलाम, इमाद खान, मोहम्मद रजिक, शकूर और राशिद को अभियान के समन्वय में सहायता के लिए आभार व्यक्त किया ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया